रोक | अनसूटेबल कॉलेजों के छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में नहीं किया गया ट्रांसफर

# नर्सिंग परीक्षा के आयोजन पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर।** नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह ने जीएनएम कोर्स की 28 अप्रैल से प्रस्तावित अंतिम वर्ष की परीक्षा के आयोजन पर रोक लगा दी है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि हाईकोर्ट की अनुमति के बिना अंतिम वर्ष की परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाये। याचिका पर अगली सुनवाई 28 अप्रैल को निर्धारित की गयी है।

गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ता विशाल बघेल की तरफ से दायर जनहित याचिका में प्रदेश में खुले सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि निर्धारित शर्तों का पालन नहीं करने के बावजूद भी कागजों में संचालित नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई



करते हुए प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेज की जांच के निर्देश सीबीआई को दिये थे।

सीबीआई जांच के दौरान प्रदेश में संचालित 8 सौ नर्सिंग कॉलेजों में से करीब 6 सौ कॉलेज अनुपयुक्त या कमियों से भरे पाए गए थे। इन संस्थानों में भवन, लैब, लाइब्रेरी, अनुभवी शिक्षक और सौ बिस्तरों वाले अस्पताल जैसी अनिवार्य सुविधाएं नहीं थी। कई कॉलेज केवल कागजों पर चल रहे थे और कई प्रिंसिपल और शिक्षक15 -15 कॉलेजों में एक साथ कार्यरत दर्शाए गए थे।

याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि प्रदेश में जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए थे। इस कॉलेज के छात्रों को सुटेबल कॉलेज में स्थानांतरित करने के आदेश हाई कोर्ट द्वारा दिये गये थे। आदेश का परिपालन अभी तक नहीं किया गया है। इन कॉलेजों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 28 अप्रैल से प्रस्तावित है। याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान एमपीएनआरसी की पेश की गयी अंडरटेकिंग रिकार्ड में लेते हुए युगलपीठ ने आदेश जारी किया है कि हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर कोई भी परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जाये। याचिका पर अगली सुनवाई अगली 28 अप्रैल को निर्धारित की गयी है।

### ई-एफआईआर में छेड़छाड़ के आरोप पर कोर्ट सख्त

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने एक मामले में पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए राज्य शासन से जवाब तलब किया है। न्यायालय ने निर्देश दिये है कि याचिकाकर्ता का बयान वीडियो कैमरे की उपस्थिति में दर्ज किया जाए। दरअसल यह मामला डॉ. अंजलि मिश्रा द्वारा शंकराचार्य नगर कालोनी बाग सेवनिया भोपाल के पदाधिकारियों के विरुद्ध दायर याचिका से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके द्वारा दर्ज कराई गई ई-एफआईआर में सभी आरोपियों के नाम शामिल थे, लेकिन पुलिस ने केवल चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज की। यह भी आरोप है कि पुलिस ने ई-एफआईआर की मूल सामग्री के अनुरूप मामला दर्ज नहीं किया और आरोपों को कमजोर किया है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली व अधिवक्ता अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अब तक धारा 161 सीआरपीसी के तहत याचिकाकर्ता का बयान भी दर्ज नहीं किया गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिकारियों को विस्तृत स्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब भी याचिकाकर्ता का बयान दर्ज किया जाए, वह वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ किया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कोर्ट ने प्रकरण में प्रतिवादी क्रमांक पांच से 14 तक को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

# चिकित्सा जगत के प्रेरणापुंज डॉ. बीके रैना का महाप्रयाण

**देहदान कर पेश की सेवा की सर्वोच्च मिसाल**



**जबलपुर।** चिकित्सा जगत में मरीज प्रथम के संकल्प को जीने वाले विख्यात पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. बी.के. रैना का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया, लेकिन उनका जीवन और उनके अंतिम संस्कार की गरिमा समाज के लिए युगों तक प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. रैना ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को दान कर समर्पण की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो विरले ही देखने को मिलती है।

### राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया

इस महान संकल्प और समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा को देखते हुए उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस भावुक क्षण पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. रैना का व्यक्तित्व समाज को सदैव एक नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने देहदान जैसे कठिन और पुनीत संकल्प को पूर्ण कर खुद को अमर कर लिया है।

### नम आंखों से अंतिम विदाई

डॉ. रैना के अंतिम सफर में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. प्रदीप कसार, अधीक्षक अरविंद शर्मा और डॉ. राजेश तिवारी सहित चिकित्सा जगत की तमाम बड़ी हस्तियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। उनके सहयोगियों ने उन्हें एक ऐसे मार्गदर्शक के रूप में याद किया जिन्होंने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अपना जीवन खपा दिया, बल्कि मृत्यु के पश्चात भी आने वाली पीढ़ी के चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन का मार्ग प्रशस्त किया।

# महाप्रबंधक ने किया नैनपुर-ग्वारीघाट रेलखंड का निरीक्षण

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के विकास कार्यों की हुई गहन समीक्षा**



**जबलपुर, नवभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने शुक्रवार 24 अप्रैल को नागपुर मंडल के अंतर्गत नैनपुर ग्वारीघाट रेलखंड का सघन एवं व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया। यह निरीक्षण छिंदवाड़ा स्टेशन से प्रारंभ होकर विभिन्न स्टेशनों, ट्रैक संरचनाओं, पुलों, सिग्नलिंग तंत्र, यात्री सुविधाओं एवं परिचालन व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए ग्वारीघाट स्टेशन पर सम्पन्न हुआ। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने नैनपुर-ग्वारीघाट रेलखंड पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं, परिचालन व्यवस्था, सिग्नलिंग प्रणाली एवं संरक्षा मानकों का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा प्रगति पर चल रहे रेल विकास कार्यों की समीक्षा की।

### आरपीएफ पोस्ट का किया उद्घाटन

ग्वारीघाट में महाप्रबंधक द्वारा नवनिर्मित आरपीएफ पोस्ट का उद्घाटन किया गया तथा गुड्स शेड में लोडरों एवं संबंधित कर्मचारियों से संवाद कर कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की गई। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल परिचालन में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यात्री सुविधाओं के सतत उन्नयन, स्टेशनों के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं के विस्तार एवं पर्यावरण अनुकूल पहलों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बमबाज को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने बमबाज को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से दो सुअरमार बम जप्त किए गए। टीआई रीतेश पाण्डे ने बताया कि 40 फिट रोड तरफसुअरमार बम लिये अपराध करने की नीयत से घूम रहे प्रिंस उर्फ प्रवीण केवट 20 वर्ष निवासी सुंहागी पैट्रोलपंप के पास व्हीकल मोड अधारताल को पकड़ा गया। पॉलीथीन के अंदर 2 सुअरमार बम रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। पकडे गये आरोपी प्रवीण उर्फप्रिंस केवट के खिलाफ अधारताल थाने मे पूर्व से अवैध वसूली मारपीट के 3 अपराध दर्ज है। पनगार पुलिस ने लीटी उमरिया में दबिश देकर शराब तस्कर पप्पू उर्फ प्रमोद केवट, 38 वर्ष, निवासी ग्राम लीटी, पनागर को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 4 डिब्बो में रखी 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

# शनिवार को भी होंगे स्लॉट बुक, खरीदी भी रहेगी जारी

**गेहूं उपार्जन को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश**



**नवभारत,जबलपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी आज शनिवार 25 अप्रैल को भी अवकाश के बावजूद चालू रहेगी। किसान खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने करने शनिवार को स्लॉट भी बुक कर सकेंगे। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सभी एसडीएम एवं उपार्जन से जुड़े अधिकारियों को शनिवार 25 अप्रैल को स्लॉट की बुकिंग और खरीदी चालू रहने की सूचना खरीदी केंद्र प्रभारियों एवं समिति प्रबंधकों को देने के निर्देश दिये हैं।

### डेटा एनालिसिस से रखी जायेगी खरीदी पर नज़र



गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बिचौलियों पर लगाम कसने और वास्तविक किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'डेटा एनालिसिस थ्रू डीप डाइव इन एग्रीकल्चर-थ्रू जनरेटिव एआई' सेल का गठन किया गया है। एआई सेल के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल पर होने वाली खरीदी के डेटा में किसी भी प्रकार के अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव, जैसे एक ही दिन में अत्यधिक मात्रा में खरीदी या अन्य संदिग्ध पैरामीटर्स की जांच कर प्रतिदिन होने वाली बैठक में रिपोर्ट दें। कलेक्टर ने इस विशेष सेल की कमान संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहाके को सौंपी है। उन्हें सेल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं कृषि उपज मंडी समितियों के सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे पिछले तीन वर्षों के कृषक पंजीयन, धान और गेहूं विक्रय की मात्रा और भुगतान संबंधी संपूर्ण डेटा इस सेल को उपलब्ध कराएं। एआई सेल उपलब्ध डेटा का विश्लेषण कर अपनी रिपोर्ट जिला उपार्जन समिति की बैठक में प्रस्तुत करेगी।

### बड़े और मझोले किसानों की खरीदी अभी तक नहीं हुई शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं उपार्जन व्यवस्था में अव्यवस्थाओं और किसानों की समस्याओं के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान संघ, जबलपुर के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटैल ने बताया कि सैटेलाइट पंजीयन सत्यापन में देरी के कारण छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है, जबकि बड़े और मंझोले किसानों की खरीदी अभी तक शुरू नहीं हुई है। संघ ने मांग की कि 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों की गेहूं खरीदी तत्काल प्रारंभ की जाए और उपार्जन का विस्तृत कार्यक्रम घोषित किया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिनों के भीतर सरकार और प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## एक नजर में

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आज

**नवभारत, जबलपुर।** लोकसभा सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला पंचायत परिसर में 'दिशा' समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में जिले के विकास और लोक कल्याण से जुड़ी शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी। बैठक के एजेंडे में नगर निगम,अन्य नगरीय निकायों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम, आयुष्मान कार्ड वितरण की स्थिति, एचपीवी वैक्सीन अभियान, शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए आरटीओ और एएसपी ट्रैफिक के साथ विशेष विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधान पर जोर रहेगा। इसके अलावा कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों जैसे फसल उपार्जन की तैयारी, उर्वरक वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था और किसानों को विद्युत वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने एजेंडे में शामिल विषयों की एक-एक कर विस्तृत समीक्षा कर सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### सूने घर से जेवर, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत शक्ति नगर में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र चौहान 70 वर्ष निवासी शक्ति नगर सैनिक सोसायटी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी चंद्रिका टावर नेपियर टाऊन में स्टेशनरी की दुकान है। मेरी तीन लड़कियां है तीनों की शादी हो गई है। दो साल पहले उसकी तबियत खराब हो गई थी तो उसने बेटी प्रियंका जैन एवं दामाद निर्मल कुमार जैन को घर पर रहने के लिए बुला लिया था तब से दोनो उसके घर पर परिवार सहित रहते हैं। बीती रात चोरों ने घर के दरवाजा का कुंदा तोडकर एवं आलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी के जेवरात , नगदी रूपए पा रकर दिए ।

### रीवा-मुंबई के मध्य सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नियमित नम्बर से होगा परिचालन

**जबलपुर, नवभारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी मांग पर संचालित गाड़ी संख्या 02187/88 रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब गाड़ी संख्या 20154/53 रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में नियमित नंबर से कर दिया गया है। यह ट्रेन रीवा से 23 अप्रैल और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 24 अप्रैल से नियमित रूप से प्रारम्भ हुई गाड़ी संख्या 20154 रीवा-सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को रीवा से दोपहर 15:50 बजे प्रस्थान कर सतना पर 16:55 बजे, मैहर पर 17:25 बजे, कटनी पर 18:05 बजे, जबलपुर 19:40 बजे , नरसिंहपुर 20:48 बजे, गाडरवारा 21:18 बजे, पिपरिया 21:53 बजे, इटारसी 23:20 बजे, पहुँचकर अगले दिन हरदा पर मध्यरात्रि 00:22 बजे, खण्डवा पर 02:02 बजे, भुसावल 04:05 बजे, जलगांव 04:35 बजे, मनमाड़ 06:38 बजे, नासिक रोड 07:42 बजे, कल्याण 10:57 बजे तथा दादर पर 11:52 बजे ठहराव लेते हुए शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर 12:20 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 20153 सीएसएमटी-रीवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 13:30 बजे प्रस्थान कर दादर पर 13:42 बजे, कल्याण पर 14:22 बजे, नासिक रोड 16:58 बजे, मनमाड़ 17:53 बजे, जलगांव 19:38 बजे, भुसावल 20:15 बजे, खण्डवा 22:43 बजे, पहुँचकर अगले दिन हरदा पर मध्य रात्रि 00:03 बजे, इटारसी पर 01:15 बजे, पिपरिया पर 02:13 बजे, गाडरवारा 02:48 बजे, नरसिंहपुर 03:23 बजे, जबलपुर 04:55 बजे, कटनी 06:10 बजे, मैहर 07:03 बजे तथा सतना पर 07:40 बजे ठहराव लेते हुए शनिवार को रीवा पर 09:45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी की कोच संरचना में 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

# गौशाला में मारपीट और अत्याचार का आरोप

**संचालिका सहित कर्मचारियों को हटाने की मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरी स्थित नर्मदा गौशाला एक बार फिर विवादों में घिर गई है। आदिवासी उत्थान महासंघ सहित स्थानीय नागरिकों ने गौशाला की संचालिका प्रीति पटेल, राहुल पटेल एवं कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। शिकायत के अनुसार गौशाला प्रबंधन द्वारा क्षेत्रवासियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में गुर्दा निवासी सुनील कोरी दलित समाज के युवकों के साथ कथित रूप से बर्बर मारपीट की गई, जिसके बाद संबंधित थाने में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपे जाने से इसकी गंभीरता स्पष्ट होती है।

### क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल

इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। संगठन ने प्रशासन से संचालिका और कर्मचारियों को तत्काल हटाने, गौशाला का संचालन ग्राम पंचायत को सौंपने, निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### 11 अप्रैल की रात गौशाला में बुलाकर पीटा था

पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि 11 अप्रैल की रात उन्हें गौशाला में बुलाकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं पुलिस पर भी पीड़ितों ने लापरवाही और पक्षपात के आरोप लगाए हैं, जिस पर उन्होंने कहा है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की और मामले में सिर्फ हल्की धाराएं लगाई हैं।

# जल संकट को लेकर कांग्रेस ने घेरा रांझी जोन कार्यालय

**जबलपुर ।** लाला लाजपत राय वार्ड क्रमांक 70 में जल संकट को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। कांग्रेसियों ने शुक्रवार को नगर निगम रांझी जोन कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेसियों का कहना रहा कि भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र में पानी की समस्या लगातार बढ़ रही है। कई मोहल्लों में नलों में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है और कुछ जगहों पर 2-2 दिन तक पानी की सप्लाई बंद रहती है। इससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। क्षेत्र में पाइपलाइन की खराबी और सफाई व्यवस्था की लापरवाही के कारण स्थिति और खराब हो गई है। कई जगहों पर पाइपलाइन से पानी बह रहा है, लेकिन लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि लाला लाजपत राय वार्ड क्रमांक 70 में बढ़ते जल संकट और अन्य समस्याओं को लेकर



नगर निगम रांझी जोन कार्यालय का घेराव किया गया यह कार्यक्रम लाला लाजपत राय मंडलम अध्यक्ष राजू कनौजिया के नेतृत्व व रांझी-खमरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशुतोष वत्स के संयोजन में किया गया। वार्ड क्रमांक 70 में पानी की समस्या को तुरंत दूर किया जाए, खराब पाइपलाइनों की मरम्मत की जाए और नियमित रूप से पानी की सप्लाई शुरू की जाए,और नगर निगम रांझी जोन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान राजेश यादव, रविन्द्र कुशवाहा, नेम सिंग,संजू ठाकुर, निर्मल जैन, जग्गू विश्वकर्मा, जगतमणि ,रमेश बोहित,जम्मन, मोहन ऊइके, सोनू गुप्ता, हुकुम जैन,सौरभ यादव, गोविंद अहिरवार, देवेंद्र लखेड़ा, ब्रिजेन्द्र तिवारी, नारायण गुप्ता, मनीष बेन, राजा वंशकार,चंदन चौधरी,रवि राय,संजू पटेल, बसंत बेन, बाबू शर्मा, दयाराम कुशवाह, प्रकाश राज ,प्रेम कुशवाहा, मोनिका सिंग ,अनुपमा दीदी,सुनील कुशवाहा, अखिल तिवारी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

















